दिल्ली विकास प्राधिकरण
गोपनीय शाखा

संस्थापना आदेशः- 823 दिनांकः- 31/12/2024

आयुक्त कार्मिक, दि.वि.प्रा. विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसाओं के आधार पर **श्री विनय कुमार सुपुत्र श्री धीरज सिंह** (Sh. Vinay Kumar S/o Sh. Dheeraj Singh), पटवारी (वरीयता स. 234) [UID-0407533], जिनकी तैनाती वर्तमान में भूमि प्रबंधन (साउथ जोन-II) कार्यालय में हैं को कानूनगो के पद पर सातवें वेतन आयोग की संशोधित संरचना में लेवल 4 (25,500-81,100 रु.) में (जो कि छठे वेतन आयोग में 5200-20200/-रु. के पे बैंड में 2400/- रु. के ग्रेड पे था) पदोन्नत करते है । **यह आदेश दिनांक 01.01.2025 से प्रभावी होंगे ।**

2. यदि उपरोक्त अधिकारी को ए.सी.पी./एम.ए.सी.पी.स्कीम के अंतर्गत 5200-20200/- रु. के वेतनमान में 2400/- रु. के ग्रेड पे सहित (छठा वेतन आयोग) (जो कि सातवें वेतन आयोग की संशोधित संरचना में लेवल 4 है) पहले ही वित्तीय अभिवृद्धि प्रदान कर दी गई है, तो उन्हें कोई वित्तीय लाभ की अनुमति नहीं होगी परन्तु उनका वेतन सातवें वेतन आयोग की संशोधित संरचना में लेवल 4 में निर्धारित होगा । यदि पहले वित्तीय लाभ नहीं मिला है तो उनके वेतन का निर्धारण सातवें वेतन आयोग के प्रावधानों के आधार पर होगा । उनके वेतन का निर्धारण एफ.आर.22(1)(क)(1) के प्रावधानों के अंतर्गत निर्धारित किया जाएगा तथा वे इस आदेश के जारी होने के 30 दिन के भीतर एफ.आर.22(1)(क)(1) के प्रावधानों के अनुसार अपने वेतन निर्धारण के विकल्प का प्रयोग कर सकते हैं ।

3. यह पदोन्नति प्रोविज़नल है और माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष लंबित अवमानना याचिका संख्या 314/2016 और एस.एल.पी. (सिविल) संख्या 4831/2012 के परिणाम के अधीन हैं ।

4. कानूनगों के पद पर **श्री विनय कुमार सुपुत्र श्री धीरज सिंह**, की पदोन्नति के परिणामस्वरूप सक्षम अधिकारी ने उन्हें भूमि प्रबंधन (समन्वय) में तैनात किया है ।

6. उन्हें आगे कार्यभार ग्रहण करने की सूचना की एक प्रतिलिपि उप निदेशक (कार्मिक)-IV को भेजते हुए अपने संबंधित अधिकारी को रिपोर्ट करने का निर्देश दिया जाता है । उनकी पदोन्नति उनके नए पद पर तैनाती होने की तिथि से प्रभावी होगी ।

प्रमोद 31/12/24
(प्रमोद कुमार)
उप निदेशक (गोपनीय)
दिनांकः- 31/12/24

सं.-एफ.10(89)2024/सी.सी./2073
प्रतिलिपि प्रेषितः-

1. प्रधान आयुक्त (भूमि प्रबंधन), दि.वि.प्रा. के निजी सचिव को सूचनार्थ ।
2. आयुक्त एवं सचिव, दि.वि.प्रा. के निजी सचिव ।
3. निदेशक (कार्मिक)-1 एवं 2 / सतर्कता 1 - 2 / भूमि प्रबंधन (मुख्यालय), दि.वि.प्रा. ।
4. उप मुख्य लेखाधिकारी (लेखा), दि.वि.प्रा. ।
5. उप निदेशक (कार्मिक)-3 एवं 4 / सतर्कता(प्रशा.) / आरक्षण कक्ष / (भूमि प्रबंधन) दक्षिणी क्षेत्र-II / भूमि प्रबंधन (समन्वय), दि.वि.प्रा. ।
6. उप निदेशक (प्रणाली), दि.वि.प्रा. की वेबसाइट पर डालने हेतु **(About us-> Organisation-> Personnel-> Promotions)**
7. सहायक निदेशक (कार्मिक)-4 / पी.एम.आई.एस. / गोपनीय कक्ष - 2, दि.वि.प्रा. ।
8. संबंधित लेखाधिकारी (संस्था.) अराजपत्रित, दि.वि.प्रा. ।
9. उक्त उल्लिखित अधिकारी ।
10. व्यक्तिगत फाइल / संस्थापना आदेश पुस्तिका / गार्ड फाइल ।

मेघना 31/12/2024
(मेघना त्यागी)
सहायक निदेशक (गोपनीय)